राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस0यू0एल0एम0)
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226002
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 4259 /241/NULM/Teen/2001/Svanidhi-Vol-II दिनांक 24/02/2021

महत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
जिला नगरीय विकास अभिकरण, उ0प्र0।

विषयः–पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत 01–06 मार्च, 2021 तक विशेष अभियान द्वारा ऋण स्वीकृति हेतु बैंक शाखावार कल्स्टर बनाते हुए डेडीकेटेड टीम लगाये जाने के संबंध में।

महोदया/महोदय,

पीएम स्वनिधि योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा दिनांक 31.03.2021 तक ऋण वितरण हेतु 8 लाख लक्ष्य निर्धारित किये गये है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित किये गये लक्ष्यों को प्राप्त किये जाने के लिए दिनांक 01–06 मार्च, 2021 तक **"स्वनिधि लोन मेला"** विशेष अभियान संचालित किये जाने हेतु मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन द्वारा पत्रांक–466 दिनांक 19.02.2021 द्वारा विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये है।

जारी 24/02/21

स्वनिधि लोन मेला विशेष अभियान के उक्त निर्देश के बिन्दु संख्या–09–"निकायवार पथ विक्रेताओं के स्वनिधि लोन हेतु फार्म भरवाने एवं इस पूरी प्रक्रिया को पूर्ण कराने हेतु बैंक शाखावार कल्स्टर बनाते हुए डेडीकेटेड टीम लगायी जाये तथा उनका अभियान काल में प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित किया जाये"।

उपरोक्त के क्रम में जनपद स्तरीय अधिकारी, परियोजना अधिकारी, शहर मिशन प्रबन्धक, सामुदायिक आयोजक, डूडा, निकाय कर्मी अथवा अन्य कर्मियों की डयूटी लगायी जाए। बड़े शहरों/नगर निकायों में बैंक शाखावार कल्स्टर बनवाते हुए डयूटी लगायी जाए तथा आदेश की प्रति दिनांक 24.02.2021 की सायं तक मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दी जाए।

अतः अनुरोध है कि मुख्य सचिव महोदय के आदेश के अनुक्रम में उपरोक्तानुसार समुचित कार्यवाही समयबद्ध प्राथमिकता के आधार पर कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

o/c (उमेश प्रताप सिंह) 24/02/2021
मिशन निदेशक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. अपर मुख्य सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त नगर आयुक्त/सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर, नगर निगम/सी0एम0एम0यू0, उ0प्र0।
3. समस्त परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण उ0प्र0।
4. सहायक वेब मास्टर, सूडा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

o/c (उमेश प्रताप सिंह) 24/02/2021
मिशन निदेशक

पी0एम0 स्वनिधि लोन मेला विशेष अभियान (01.03.2021 से 06.03.2021 तक) हेतु कार्ययोजना का प्रारूप।

क्र0सं0	जनपद का नाम	नगर निगम/न0प0परि0/न0पं0 का नाम	जोन	क्लस्टर का नाम	लोकेशन/कैम्प का नाम	बैंकों की संख्या	ब्रांच की संख्या व नाम	डेडीकेटेड टीम का विवरण			
								नोडल अधिकारी का नाम	बैंक शाखावार/जोन/क्लस्टर प्रभारी/इन्चार्ज का नाम	पर्यवेक्षक का नाम/मो0 नं0	जनसुविधा केन्द्र(सीएससी) कम्प्यूटर आपरेटर का नाम/मो0नं0
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12